तापमान

अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 16 .0 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल, 2025



11 जिला स्तरीय कश्ती प्रतियोगिता में दिखाया दमखम



12 प्रदर्शन करने पहुंचे मारुति के पूर्व वर्कर तो पुलिस ने खदेड़ा




## खबर संक्षेप

### 3356.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद

**सोनीपत।** रबी सीजन के तहत जिले में सरसों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जा रही है और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अब तक जिले में कुल 3356.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 2740.8 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

### अलग-अलग स्थानों से हथियार सहित दो पकड़े

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जेसम उर्फ झाऊ व सलमान निवासी नांगल का है। क्राइम यूनिट की टीम गश्त पर थी। सूचना के आधार पर टीम ने गांव नांगल के पास निगरानी की तो वहां खड़ा एक युवक टीम को देखकर भागने लगा। टीम न उसे पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास बैग में पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ। आरोपित ने अपनी पहचान नांगल के रहने वाले जैसम उर्फ झाऊ के रूप में दी। वहीं, दूसरे मामले में क्राइम यूनिट ने वर्धमान सोसायटी के पास से नांगल गांव के सलमान को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है।

### सत्संग में गई महिला घर में हुई चोरी

**सोनीपत।** एचएसवीपी में तैनात कर्मचारी के घर से रुपये व आभूषण के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। गांव ताजपुर निवासी राकेश ने बताया कि वह एचएसवीपी में तैनात है। उसकी पत्नी दोपहर गांव के मंदिर में चल रहे सत्संग में गई थी। करीब साढ़े तीन बजे वापस लौटी तो घर के ताले टूटे मिले। ऊपर के कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो लोहे के बक्से से सोने की की अंगूठी, सोने की कंठी, एक चांदी का सिक्का और 80 हजार रुपये गायब थे।

### कारखाने से तार चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने कारखाने से तांबे के तार चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित प्रदीप निवासी जाटी कलां को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। गांव नाथूपुर सबोली निवासी चंद्रशेखर ने गत एक मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके खाते में किसी ने खिड़की तोड़कर तांबे के तारों को चोरी कर लिया। सहायक उप निरीक्षक अनिल की टीम ने चोरी के आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ की जा रही है।

### घर से नकदी, आभूषण और लैपटॉप चुराए

**सोनीपत।** मालवीय नगर में घर से ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि, सोने-चांदी व लैपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। मालवीय नगर निवासी कमल मेहरा ने बताया कि उनकी मां शुक्रवार को किसी काम से चंडीगढ़ गई थी। ते वक्त वह ताले लगा गई थी। इसके बाद शनिवार को घर पर काम करने वाली महिला सोनी आई तो ताले टूटे मिले। उसने फोन कर मामले की जानकारी उनको दी। कमल का कहना है कि जब वह मौके पर पहुंचे तो घर के ताले टूटे मिले। सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो सोने का हार, कड़े, टॉप्स, अंगूठी, चोरी, नथनी, चांदी की पायजेब, 20 हजार रुपये की नकदी और एप्पल का लैपटॉप गायब था।

---

क्राइम यूनिट कुंडली की कार्रवाई, पेरिफेरल-वे के रास्ते जा रही थी प्रतिबंधित दवाओं की खेप

# कफ सिरप की 60 शीशी, बैन दवाई के 24 पत्तों के साथ दो युवक गिरफ्तार, दोगुने रेट पर नशेड़ियों को बेचते थे

- गांव भैरा बांकीपुर के रहने वाले हैं गिरफ्तार आरोपित सोनू और अमित
- पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने कुंडली-गाजियाबाद-पलवल पेरिफेरल-वे के रास्ते लेकर आई जा रही प्रतिबंधित दवाओं का भंडाफोड़ कर कार सवार दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव भैरा बांकीपुर निवासी सोनू व अमित है। पुलिस ने उनके कब्जे से नशे में प्रयोग होने वाली कफ सिरप की 60 शीशी के साथ 24 पत्ते प्रतिबंधित गोलियां भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। क्राइम यूनिट कुंडली में नियुक्त एएसआई सुरेश ने राई थाना पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को बीसवां मील चौक से आगे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि सोनू व अमित केजीपी के रास्ते नशे में प्रयोग होने वाली दवा लेकर आएंगे। जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत बढ़खालसा मोड़ पर नाकाबंदी कर दी। इसी बीच कार सवार दो युवक आए तो उन्हें रोक लिया गया। युवकों को नीचे उतारकर पूछताछ की तो उनकी पहचान सोनू व अमित के रूप में हुई। पुलिस ने उनके पास नशे में प्रयोग होने वाली गोलियां व कफ सीरप होने की आशंका जताई। उन्होंने अपनी तलाशी राजपत्रित अधिकारी के सामने देने की बात कही। जिस पर उपायुक्त कार्यालय में कॉल की गई। जिस पर ड्रग कंट्रोल ऑफिसर संदीप कुमार मौके पर पहुंचे। उनके आने के बाद रात करीब नौ बजे कार की तलाशी ली गई। कार के अंदर पिछली सीट पर रखी गत्ता पेटी से 60 कफ सिरप कोरेक्स बरामद की गई। जिसे प्रतिबंधित किया गया है। वहीं प्रतिबंधित 432 गोलियां भी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। राई थाना में मुकदमा दर्ज किया गया।

**खुलासा | मेरठ से लेकर आए थे दवा**



पुलिस की शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित प्रतिबंधित दवा को उत्तर प्रदेश के मेरठ से लेकर आते थे। वहां से लेकर आने के बाद वह इसे अपने गांव व आसपास के क्षेत्र में लोगों को बेच देते थे। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने उन्हे तीन दिन के रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान उनसे पूछताछ की जाएगी। साथ ही पता लगाया जाएगा कि कब से प्रतिबंधित दवा बेच रहे थे।

**150 की शीशी 300 में, 67 का कैप्सूल 100-150 में**

पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित प्रतिबंधित कफ सिरप व गोलियों को दोगुना रेट तक बेचते थे। वह कफ सिरप की 100 एमएल की बोतल 150 रुपये में लेकर आने के बाद 250 से 300 रुपये में बेचते थे। वहीं कैप्सूल के डिब्बे पर 67 रुपये रेट था। उसे भी डेढ़ गुना से अधिक कीमत पर बेचते थे। नशा करने वाले इनसे संपर्क करके ये दवाइयां खरीदते थे।

**गांव निशाने पर**

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह करीब डेढ़ साल से इस अवैध धंधे से जुड़े थे। वह आसपास के गांवों में नशा करने वालों को दवाई मुहैया करवाते थे। अब दवाइयों की खेप मेरठ से लेकर आए थे। आरोपितों से मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है। मेरठ में वह कहां से दवाई लेकर आए है। इसका पता लगाकर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

*-एसआई सुनील, जांच अधिकारी, क्राइम यूनिट, कुंडली।*

# नाबालिग से दुष्कर्म करने के दो आरोपित गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपितों को अदालत में किया पेश
- एक नाबालिग को बाल सुधार गृह व दूसरे को न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल नाबालिग आरोपित व अन्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शुभम निवासी सुल्तानपुर यूपी हाल में कुंडली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि नाबालिग को बाल सुधारगृह में भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 1 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी के साथ शुभम व उसके दोस्तों ने गलत काम किया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। जांच अधिकारी महिला उप निरीक्षक संतोष की टीम ने नाबालिग आरोपित व शुभम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को बाल सुधार गृह व दूसरे को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## उपायुक्त कार्यालय पर आज करेंगे प्रदर्शन

**सोनीपत।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन, कर्मचारी संगठन, रिटायर कर्मचारी संघ, किसान संगठनों के आह्वान पर 7 अप्रैल यानि सोमवार को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। नागरिक अधिकार मंच ने लोगों से इस प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया गया। मंच के अनुसार सुबह 11 बजे उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इस दौरान बिजली की दरों को वापस लेने, 300 यूनिट बिजली फ्री में देने, स्मार्ट मीटर लगाना बंद करने, बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने, पावर बिल 2023 संशोधित रद्द करने की मांग उठाई जाएगी।



### तिरंगे में लपेटकर राष्ट्र पक्षी मोर को दी अंतिम विदाई

**गन्नौर।** रविवार की सुबह तहसील के सामने करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल हो गया। सूचना पर होमगार्ड कर्मी अजीत, कुलदीप मौके पर पहुचे, लेकिन तब तक मोर ने दम तोड़ दिया। जानकारी देते हुए दीपक कुमार ने बताया कि सुबह राष्टीय पक्षी मोर तहसील के सामने सर्विस स्टेशन पर बैठे थे। इस दौरान मोर को करंट लग गया। जिस कारण मोर की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगो के साथ मिलकर होमगार्ड कर्मियों ने राजकीय सम्मान के साथ तिरंगा में लपेटकर मोर का अंतिम संस्कार किया गया।

## गोभक्तों ने गायों को चारा खिलाया कन्याओं को पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रामनवमी के पावन पर्व पर गौभक्त दिलबाग सिंह एवं साथियों द्वारा गोमाताओं को चारा, गुड, दलिया खिलाया व नवरात्रों के अंतिम दिन कन्याओं को भोजन कराया एवं पाठ्य सामग्री भेंट की। गोभक्त कामी रोड स्थित गोशाला में पहुंचें थे। जहां पर गौमाताओं के बाड़े में से गोबर उठाया, झाड़ू लगाया, गौमाताओं को पानी पिलाया, चारा खिलाया, खुर्रा फेरा। इसके उपरांत दिलबाग सिंह ने नवरात्रों के अंतिम दिन अपने निवास पर नौ कन्याओं को सप्रेम पाठ्य सामग्री भेट प्रदान की। विकास कुमार गौभक्त ने बताया कि इस पावन पर्व पर गौमाताओं को 21 कट्टे चारा, 5 किलोग्राम गुड़ व 5 किलोग्राम दलिया खिलाया गया।



## ककरोई चौक पर बंद पड़ी ट्रैफिक लाइट टूटी, युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

व्यस्तम ककरोई चौक के पास हुए हादसे में ट्रैफिक लाइट टूटकर एक युवक के पैर पर गिर गई, जिससे वह चोटिल हो गए। घटना के समय पीड़ित चौक के पास से गुजर रहे थे। गनीमत रही कि युवक को गंभीर चोट नहीं लगी और कोई अन्य व्यक्ति भी चपेट में नहीं आया। युवक को अस्पताल में उपचार दिलवाया गया है। सोनीपत निवासी साहिल ने बताया कि वह ककरोई की तरफ से महलाना की तरफ जा रहे थे। जब वह बाइक पर ककरोई चौक पर पहुंचे तो बंद पड़ी ट्रैफिक लाइट अचानक टूटकर गिर गई, जिससे पैर में चोट आई। राहगीरों ने उसे अस्पताल में उपचार दिलवाया।



**सुध नहीं ली**

बताया जा रहा है कि खंभे को पहले किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह झुक गया था। उसके बावजूद उसकी सुध नहीं ली गई। अब उस पर बंधे तार पर बंदरों के झुलने से खंभा अचानक गिर गया। जिससे युवक चोटिल हो गया।

## संग्रहालय में अमेरिका और कोलकाता से पहुंचे पर्यटक, जाना महाभारत का इतिहास

**सोनीपत।** स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय सोनीपत में रविवार को अमेरिका और देश में कोलकाता से पहुंचे लोगों ने 100 से 5000 वर्ष पुरानी वस्तुओं को देखा और महाभारत काल की याद को ताजा किया। इस दौरान ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के सदस्य सचिव राजेश सिंह ने सभी का स्वागत किया और 23 गैलरी के विषय में रोचक तथ्यों से संबंधित जानकारी दी। अमेरिका के कैलिफोनिया से पहुंची तनीषा कौशिक और आड्रिया ने बताया कि उनको यहां आकर बेहद ही अच्छा लगा है और उन्होंने रामायण गैलरी में ख़ास तौर से श्रीराम की सैकड़ों वर्ष परानी प्रतिमा के दर्शन भी करने का मौका मिला है और महाभारत से संबंधित भी काफी जानकारी मिली है। कोलकाता से पहुंचे डीजे प्रदीप, कनुप्रिया और तनिष्ठा भी मौजूद रहे।



सोनीपत। स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में अमेरिका के कलिफोर्निया से पहुंचे पर्यटक।

## दंपतियों ने लिया संकल्प, नहीं करेंगे भ्रूण हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रामनवमी के अवसर पर समाज सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें पांच कन्याओं के विवाह का आयोजन आईटीआई चौक स्थित वसुंधरा गार्डन में हुआ। इस विवाह समारोह में नव दंपत्तियों ने एक संकल्प लिया कि वे कभी भी भ्रूण हत्या नहीं करेंगे और वे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को अपने जीवन में पूरी तरह से अपनाएंगे। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक निखिल मदान व मेयर भाजपा नेता राजीव जैन ने नव दंपति जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि रामनवमी की अवसर पर भगवान श्री राम के चरित्र से हमें प्रेरणा मिली कि हमें दीन दुखियों की सहायता करनी चाहिए। इस कार्य को समाज सेवा समिति बहुत अच्छे ढंग से निभा रही है। आज समाज सेवा समिति द्वारा पांच सामूहिक विवाह करवाए जा रहे हैं।



सोनीपत। नव विवाहितों को आशीर्वाद देते विधायक निखिल मदान।

## इंडियन कॉलोनी में गली से पिकअप गाड़ी चोरी, सीसीटीवी खंगालेगी पुलिस

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र की इंडियन कॉलोनी में घर के बाहर गली में खड़ी गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गली नंबर-5 इंडियन कॉलोनी निवासी जय भगवान ने बताया कि वह मिशन चौक से चीनी के कट्टे खरीद कर लाया था। घर आने के बाद उन्होंने अपनी बोलेरो पिकअप गाड़ी को घर के बाहर गली में खड़ा कर दिया। रात लगभग एक बजे गाड़ी स्टार्ट होने की आवाज सुनी तो वो बाहर आए। जब तक वह कुछ कर पाते चोर गाड़ी लेकर भाग गए। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई सुनील कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी, जल्द ही चोरों का पता लगाकर गाड़ी बरामद कर ली जाएगी।

सोनीपत ब्लॉक की लगभग पंचायतों में कैमरे

# पंचायतों में सीसीटीवी का पहरा, अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए की गई पहल

- गांव बोहला, रोलद, मोहाना, भटगांव, जुआं-2 बाघड़, बड़वासनी, उल्देपुर, सांदल कलां, शहजादपुर, बैंयापुर, करेवड़ी सहित अन्य ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे लगाए चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहरों में अपराध नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की कवायद तो पुरानी है, मगर गांव में तकनीकी में भी चोरी सहित अन्य घटनाएं रोकने की पहल शुरू हो चुकी है। पंचायतों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को बढ़ाने व आपराधिक घटनाओं में कमी लाने के लिए तीसरी आंख से पहरा रखा जा रहा है। सोनीपत ब्लॉक में लगभग सीसीटीवी कैमरे लगवाने का कार्य 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।

बता दें कि सोनीपत ब्लॉक में 45 पंचायतें है। जिनमें लगभग तीसरी आंख से नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाएं जा रहे है। मिली जानकारी के अनुसार बोहला, रोलद, मोहाना, भटगांव, जुआं-2 बाघड़, बड़वासनी, उल्देपुर, सांदल कलां, शहजादपुर, बैंयापुर, करेवड़ी सहित अन्य ग्राम पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं। सीसीटीवी लगने से पूरे गांव की निगरानी तीसरी आंख से की जा रही है। पांच साल पहले से गांव में खुले में शौच जाने वालों की निगरानी व गांव में आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने गांव के चौक-चौराहों, प्रवेश द्वार गलियों में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। जिससे पूरे गांव की निगरानी की जा रही है।



पोल पर लगे सीसीटीवी कैमरें।

**जितने गांव बाकि सभी में प्रक्रिया चल रही**

आपराधिक गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों की तरफ से सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया जा रहा है। लगभग पंचायतों में कार्यों को पूरा किया जा चुका है। अन्य पंचायतों में भी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने का काम किया जा रहा है।

*- अंकुर, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सोनीपत।*

**जागरूक हुई कई गांवों की पंचायतें**

बोहला, रोलद, मोहाना, भटगांव, जुआं-2 बाघड़, बड़वासनी, उल्देपुर, सांदल कलां, शहजादपुर, बैंयापुर, करेवड़ी सहित कई पंचायतें क्राइम को रोकने के लिए कदम उठा रही हैं। इसके लिए पहले भी प्रयास किए हैं और अब सीसीटीवी लगाकर अपराधियों पर लगाम कसने की तैयारी कर ली है। पंचायतों के इस कदम से साफ है कि गांवों में अब अपराधी प्रवृत्ति के लोगों क्षरा किसी घटना को अंजाम दिया जाएगा तो उसकी पहचान हो जाएगी।

## जिले में फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध

**सोनीपत।** जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार ने मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत आदेश जारी करते हुए जिला में गेहूं की फसल कटाई के बाद बचे अवशेषों व अन्य किसी प्रकार के अवशेष खेतों में जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण(एनजीटी) नई दिल्ली द्वारा फसल के अवशेषों को जलाने पर प्रतिबंध लगाने बारे भी निर्देश जारी किए गए है जिसके अन्तर्गत जुर्माने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आगजनी की घटनाओं से सम्पति तथा मानव जीवन को हानि की सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। फसल की कटाई के बाद बचे अवशेषों को जलाने से पशुओं के चारे की कमी होने की भी संभावना बनी रहती है। फसल की कटाई के बाद बचे अवशेषों को जलाने से भूमि के मित्र कीट मर जाते है, जिससे भूमि की उर्वरक शक्ति कम होने से फसल की पैदावार पर भी प्रभाव पड़ता है। यदि कोई व्यक्ति फसल अवशेष जलाने पर दोषी पाया जाता है तो उसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने निकली साइकिल यात्रा



सोनीपत। साइकिल यात्रा निकालते हुए पुलिस कर्मचारी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साईं एनआरसी, सोनीपत ने हरियाणा राज्य पुलिस बल के सहयोग से संडेज़ ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस आयुक्त कार्यालय, राई से हुई, जिसमें विशेष रूप से पुलिसकर्मियों और साईं अधिकारियों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य नशा मुक्त हरियाणा की दिशा में जन-जागरूकता फैलाना, फिट इंडिया मिशन को प्रोत्साहन देना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। डीसीपी प्रवीना पी ने बताया कि पुलिस कर्मियों को नशा मुक्त हरियाणा और फिट इंडिया मिशन का संदेश साइकिल यात्रा को निकाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल समाज में बदलाव लाने की एक सशक्त शक्ति है और सभी को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। क्षेत्रीय निदेशक, साईं एनआरसी, डॉ. शिवम शर्मा ने 'फिट इंडिया मिशन' की जानकारी दी और साइक्लिंग को एक जीवनशैली के रूप में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी समाज के रोल मॉडल बन सकते हैं यदि वे साइकिल चलाने जैसी आदतों को अपनाएं।



## हांसी की स्थापना

हांसी, हरियाणा राज्य का एक प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है। ऐसा माना जाता है कि हांसी की स्थापना राजा अनंगपाल विहंगपाल तोमर ने अपने गुरु ' हंसकर ' (957 ई.) के लिए की थी। बाद में, राजा अनंगपाल तोमर के पुत्र द्रुपद ने इस किले में तलवार बनाने का कारखाना स्थापित किया, इसलिए इसे ' असीगढ़ ' भी कहा जाता है। इस किले से तलवारें अरब देशों तक निर्यात की जाती थीं। हांसी में स्थित असीगढ़ का किला पृथ्वीराज चौहान ने 12वीं सदी में बनवाया था।

# सभ्य समाज के लिए आवश्यक हैं मर्यादाएं

संस्कार

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**

किसी भी देश अथवा प्रदेश की बात हो पर जहां समाज और सामाजिकता की बात आती है वहां मर्यादाएं स्वतः स्थापित हो जाती हैं। समाज के कर्णधारों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त समाज किन-किन नियमों का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा। यह नियम अथवा मर्यादाएं ज्यादातर आचरण, वेशभूषा या भाषा जैसे सन्दर्भों को लेकर होती हैं।



जब मर्यादाएं टूटती हैं या फिर तोड़े जाने की कोशिश होती है तो उसके विपरीत स्वर उठते हैं। किन्तु कई बार हम कुछ बातों को लेकर अधिक उदार हो जाते हैं तथा इन्हें बदलते समय की आवश्यता मान कर चुप्पी साध लेते हैं, जिसका परिणाम भयंकर होता है। तब स्थितियां इतनी विस्फोटक हो जाती हैं कि हम चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते। विगत कुछ दशकों में सम्पूर्ण भारत में आचरण और भाषा को लेकर जो सामाजिक पतन हुआ है, उससे हम सभी परिचित हैं। ऐसे में हरियाणा का इससे अछूता रह पाना असंभव था। जिस समाज में गाँव की बेटी पूरे गाँव की इज्जत मानी जाती थी और सारे गाँववासी उसे अपनी बहन या बेटी मानते थे, उसी समाज में आज गाँव की तो छोड़िए समान जाति और गोत्र में युवा विवाह कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत गीता की वर्ण-शंकर की अवधारणा तो सच हो ही रही है अपितु इस विषय में आधुनिक काल के वैज्ञानिकों के द्वारा स्थापित तर्क भी गौण होकर रह गये हैं। इस समस्या का हल हम खोज भी नहीं सके कि एक दूसरी भयानक समस्या हमारे समाज के सामने मुंह उठाए खड़ी है और हम सब अपने-अपने आनंद में डूबे हैं। इस अघोषित प्रलय जिसके सम्बन्ध में हम सभी बेखबर न होकर भी आँखें बंद किये हैं। आप विश्वास कीजिए हमारी लापरवाही समाज में भाषा के सौन्दर्य के साथ-साथ संस्कारों को भी बहा ले जाएगी। मीडिया के विभिन्न माध्यमों से आम बोल-चाल में शामिल हो गए उपलब्ध सामग्री से संवाद अब सामान्य बातचीत के दौरान हो रही गाली-गलौच और मार-पीट का हिस्सा हो गये हैं तो वहीं आजकल प्रचलित गीत ऐसी स्थिति में पार्श्व संगीत का कार्य करते हैं। तभी वर्ष 2015 में शादियों में बढ़ती हर्ष फायरिंग के बाद से डीजे के गानों को लेकर सर्व खाप पंचायत रोहतक, झज्जर और सोनीपत ने इस पर आपत्ति उठाई थी। हमारा भारतीय समाज श्रेष्ठ साहित्य और संदेशों से बहुत दूर हो गया है।



हम भूल गए हैं कि शब्दों का अपना प्रभाव होता है। शब्द 'ब्रह्म' की मान्यता दुनिया के सम्मुख स्थापित करने वाले देश के लोग ही शब्द की मर्यादा भूल गए हैं। हमारे समाज का कोई भी अंग शब्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है। इस विषय पर आप गंभीरता से नहीं अपितु सामान्य रूप से भी विचार करेंगे तो स्थितियां भयावह प्रतीत होंगी। राजनीतिक, साहित्यिक, कला आदि हर क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे शब्द किसी भी सहृदय व्यक्ति के हृदय को लहूलुहान करने का सामर्थ्य रखते हैं। देश की दिशा तय करने का दंभ भरने वाले राजनेताओं द्वारा समूचे राष्ट्र के विभिन्न सदनों में प्रयोग होने वाली भाषा के स्तर से देश का हर नागरिक परिचित है। यही लोग जब मीडिया के माध्यम से जन सामान्य से रूबरू होते हैं तो फिर सोने पर सुहागा जैसी स्थितियां हो जाती हैं। इसके ऊपर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त टिप्पणी की आवश्यता यहां दिखाई नहीं देती। इसी प्रकार संचार क्रांति के चलते लगभग पूरे देश में देखे जा रहे सभी ओटीटी प्लेटफार्म्स ने इसी प्रदूषित नदी के प्रवाह को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

ओटीटी, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जहां सिनेमा का एक अलग लेवल देखने को मिलता है। जहां सिनेमाघरों में मूवी को सेंसर बोर्ड पास कर अश्लील दृश्यों पर कैंची चलाता है, वहीं ओटीटी पर प्रस्तुत की जाने वाली वेबसीरीज में गाली-गलौच, द्विअर्थी संवाद और नग्नता ही इनकी खूबसूरती मानी जाती है। अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है। सोशल मीडिया में चाहे यूट्यूब हो, फेसबुक हो, इंस्टाग्राम हो या इसी श्रेणी का कोई अन्य प्लेटफार्म हो; सभी की स्थिति एक जैसी है। कुछ समय पहले यह कहने वाले लोग कि फिल्मी कलाकार अथवा छोटे परदे के कलाकार इस प्रकार की द्विअर्थी शब्दावली का प्रयोग करते हैं कि आप परिवार के साथ बैठकर उनके कार्यक्रम नहीं देख सकते, आज स्वयं वैसा ही कंटेंट तैयार करते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि टीवी चैनलों के लोग टीआरपी के लिए वैसा करते रहे हैं और ये लोग वायरल होने के लिए। आप ही बताइए क्या सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा तथाकथित कलाकारों यानि कंटेंट क्रिएटर द्वारा परोसी जा रही सामग्री बच्चों के साथ बैठकर देखने लायक है? हाँ, ये लोग जो खुद को सामाजिक जिम्मेदार बताते हैं, ऐसा दिखाने के लिए 'यूज इयर फोन...' लिखना नहीं भूलते। कल तक समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लेने वाले अधेड़ उम्र के अनेक लोग यहाँ अपने बेटे, बेटी और बहुओं के साथ पूरी तन्मयता से इस प्रकार की सामग्री तैयार करने में संलग्न नज़र आते हैं। आखिर ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा जो होती है। ऐसे लोग ढूँढने के लिए आपको भारत घूमने की आवश्यता नहीं है बल्कि यह हरियाणा में भी आपके आसपास ही सरलता से प्राप्य हैं। पिछले दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बने उस यूट्यूब कार्यक्रम और उसके कलाकारों के नाम भी आप भूले नहीं होंगे जिसमें माता-पिता के संबंधों पर बच्चों से प्रश्न किए जा रहे थे। इन्हीं सब प्लेटफार्म्स पर युवाओं को गुमराह करने वाले द्विअर्थी शब्दों, गाली-गलौच, मार-धाड़ (गन कल्चर), शराब को लाभप्रद और उत्साहवर्धक पेय दर्शाने वाले गीत, फिल्म और रील आदि की भरमार है। इन सभी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध कंटेंट ने जहां भाषा की मर्यादा को समाप्त किया है वहीं ओटीटी प्लेटफार्म्स की अश्लील सामग्री परोसने की आदत का सहयोग भी किया है। शब्दों के अमर्यादित प्रयोग की यह कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। कुछ और तत्त्व भी इस आग में घी डालने का कार्य करते हैं, जिनमें प्रमुख हैं कवि सम्मलेन और कॉमेडी शो जैसे आयोजन। कुछ समय पहले एक विश्वश्विद्यालय के कुलपति ने कवि सम्मलेन कराने से स्पष्ट मना कर दिया। उन्होंने बताया कि हमने कई वर्ष पहले ऐसा कार्यक्रम करवाया था। उसमें तीन-चार कवि-कवयित्रियों ने मंच से अपनी अभद्र भाषा और द्विअर्थी संवादों से जो गन्दगी फैलाई, उसके बाद हमने भविष्य में कवि सम्मलेन न कराने का निर्णय ले लिया।

> अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल, वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है।



इसी तरह का कार्य हास्य के नाम पर अनेक कार्यक्रमों में हास्य-कलाकारों द्वारा किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में जब कभी राजनीतिक लोग इस बारे में कुछ कदम उठाने का प्रयास करते हैं तो वहां भाई-भतीजावाद और जाति-सम्प्रदाय जैसी सामाजिक बीमारियाँ उठ खड़ी होती हैं। इसका ताजा उदाहरण फिर हरियाणा से हमारे बीच में आया है, जब सरकार इस प्रकार के कंटेंट को सोशल मीडिया से हटाना चाहती है। सरकार की तरफ से इस सम्बन्ध में कानून बनाने की बात भी कही जा रही है। लेकिन आवश्यकता है कि कार्य साफ नियति से पूरा किया जाए। इस समस्या के सन्दर्भ में अधिक विस्तार में जाने की अपेक्षा समाधान की दिशा में सकारात्मक चिंतन रखते हुए विचार करना अपेक्षित है। अनेक राजनेता, फिल्में, ओटीटी वेब सीरीज, सोशल मीडिया मंच अच्छा कार्य कर रहे हैं। कई नेता और साहित्यकार भी अपने मानक व्यवहार और भाषा के लिए स्मरण किए जाते हैं। इस संक्रमण से स्वयं और समाज को बचाने का प्रयास करना होगा, तभी इस समस्या का निराकरण संभव है; अन्यथा अभद्र भाषा, अश्लील चलचित्र, शराब और बन्दूक पर आधारित गीत सुनाकर अपने बच्चों से संस्कारी होने की अपेक्षा न रखने का अधिकार हम खो देंगे।

---

कविता | **इन्द्र सिंह लाम्बा**



## जगत में बड़ा बताया प्यार

हे जी, हे जी, जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

श्री रामचंद्र और हनुमान में कितना गहरा प्यार था।
शक्ति बाण लगया लक्ष्मण क होया बड़ा लाचार था।
बूटी लाएं हनुमान जी करया बड़ा उपकार था।
कृष्ण और सुदामा जी की बचपन में हुई थी यारी।
कृष्ण तो महाराजा था सुदामा कै था टोटा भारी।
जब गया सुदामा कृष्ण धौरे दूर कर दी ब्याधा सारी।
उन दोनों के प्यार नैं आज जाणै सै संसार।

भामाशाह और महाराणा ने प्यार से करया था काम।
प्यार के कारण भामाशाह ने बहोत से दिए थे दाम।
इसी ही वजह से उनका दुनिया में होया स नाम।
नर से बाज पठान और अमर सिंह जो था राठौड़।
पठान पड़ा था घायल प्यास लागरी थी दम तोड़।
पाणी प्या दिया अमरसिंह नै प्यार बिना भला के थी लोड।
फेर पगड़ी बदले यार बणे करे पक्के कोल करार।

.प्यार बिना हो इसी जिंदगी जैसे सुर बिन होता गीत।
प्यार करो और प्यारा बोलो हो ज्यागी थारी जग में जीत।
प्यार से जीवन सफल बणै वेदों म बतलाइ रीत।
प्यार करो सच्चे दिल त आपस की फूट रह कोन्या
सत्यमेव जयते कती भी झूठ रह कोन्या।
ब्लैकमेल,बेईमानी,ठग्गी फेर या लूट रहै कोन्या।
सतगुरु की कृपा से करता इंदर सिंह प्रचार।

जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

---

रागनी | **भूपसिंह भारती**



## एक रात सुपने म्ह

एक रात सुपने म्ह मेरै बाबा साहेब आये।
जीवन म्ह आग्गै बढ़णे के, रस्ते तीन बताये।। टेक।

सुपने के म्ह भीमराव नै, आकै बात बताई।
बेशक भूखे रह जाणा, पर छोड़ो नहीं पढ़ाई,
सुपने म्ह तै उठके भाई, मैं देखूं दाये बांये।1।

दूजा रस्ता भीमराव ने, एक्का का बतलाया,
घर की फूट बुरी हो सै, न्यू बहुजन को समझाया,
हक सारा म्हारा खाया, और जोर जुल्म भी ढाये।2।

सारे कट्ठे होकै भाई, अपणे हक नै पाओ,
लड़ो मरो संघर्ष करो, ना मन म्ह घबराओ,
खुद नै शेर बणाओ, बलि बकरे की दी जाये।3।

छोड़ो सभ पाखंड को, ये अपणी रीत नहीं,
चाल बुद्ध की राह बावळे, फेर हो जीत सही,
देख भारती बात यही, सुपने म्ह भीम समझाये।4।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**रोचक** | अंग्रेजों ने भारत में नमक की तस्करी रोकने के लिए एक लंबी सीमा शुल्क बाधा बनाई थी, जिसे 'भारतीय ग्रेट हैज' के नाम से जाना गया

# देश में सर्वाधिक लम्बाई की रही कंटीली बाड़



इतिहास | **यशपाल गुलिया**

आपने 'ग्रेट वाल ऑफ चाइना' के बारे मे तो सुना व पढ़ा होगा लेकिन 'भारतीय ग्रेट हैज' के बारे में शायद ही कभी सुना होगा। यह अंग्रेज प्रशासन द्वारा निर्मित ऐसा क्रियाकलाप था जो न केवल भारतीय प्रजा का शोषण करता था बल्कि प्रत्येक वस्तु पर कर लगाने का भी प्रमाण है।

वर्तमान काल में सबसे सस्ती जीन्स नमक को माना जाता है। अंग्रेजों ने नमक पर कर लगाने के भी ऐसे उपाय किए थे कि प्रजा पर अनावश्यक आर्थिक तानाशाही डाली हुई थी। नमक का मूल्य एवं कर इतना बढ़ा दिया था कि उस आवश्यक जीन्स के लिए लोगों को ब्लैक करना पड़ गया। खाद्यानों के ब्लैक को रोकने के लिए तथा प्रजा से क्रूरतापूर्वक टैक्स वसूली के लिए अंग्रेजों ने एक विशाल विभाग ही बना रखा था जिसको कस्टम विभाग कहा जाता था। इसको लेकर उन्होंने मुल्तान से तोरबेला, सतलुज क्षेत्र, फाजिल्का, हिसार, महम, कलानौर, बेरी, झज्जर बादली, हथीन, मथुरा, आगरा होते हुए एक मार्ग ही स्थापित कर दिया था। उसी मार्ग को कस्टम लाइन कहा जाता था ताकि लोग कोई भी कर योग्य जीन्स इधर-से-उधर न ले जा सके। क्योंकि भारी टैक्स से बचने के लिए लोग अपने सिर पर व पशुओं पर लाद कर ब्लैक भी करने लग गए थे। फिर अंग्रेजों ने क्रूरता का शिकंजा कसते हुए पैदल समान ले जाने वाले व्यक्तियों को भी बन्दी बनाना आरम्भ कर दिया। यही नहीं, कस्टम लाइन को मथुरा, आगरा से भी बढ़ाकर झांसी, सागर, खण्डवा तक पहुंचा दिया। ब्लैक पर नियन्त्रण के लिए प्रत्येक मील की दूरी पर चौकी निर्मित करके चौकीदार नियुक्त कर दिए। कुछ मील की दूरी पर बीट स्थापित कर दी गई। जैसे हरियाणा के क्षेत्र में हिसार के बाद महम, कलानौर, बेरी, बादली व चन्दू बीट आदि इस प्रकार के चार चैबन्द प्रबन्ध विभाग में तब वर्ष 1854 में 6600 व्यक्तियों का स्टाफ था।




कस्टम मार्ग मुल्तान से बुरहान तक का चित्र, जिसके दोनों तरफ अंग्रेजों ने नागफन के पौधे रोप डाले थे।



अंग्रेजों द्वारा स्थापित कस्टम लाइन पर बनी चौकी के अवशेष।

अंग्रेजों का विशेष अंकुश नमक के ब्लैक पर रहता था। क्योंकि यहां सिलान, जहीदपुर, सुल्तानपुर, साढराणा व मेवात के सलम्भा आदि में नमक बनाया जाता था। इसके अतिरिक्त राजस्थान के जैपुर, जौधपुर व बिकानेर राज्यों के आंशिक क्षेत्रों में भी नमक निकाला जाता था। अंग्रेजों ने विशेषकर नमक के ब्लैक को रोकने के लिए बनाए गए कस्टम मार्ग के दोनों तरफ नागफन के पौधे रोप डाले थे। उस कांटेदार मार्ग एवं बाड़ को ही ग्रेट हैज ऑफ इंडिया कहा गया है जिसकी लम्बाई 2504 मील थी। वर्ष 1823 से विभिन्न कस्टम कमिश्न, जॉर्ज सान्डर्स, समिथ, बैटन, हाल्से व ए.वो. हयुम आदि को नियुक्त किया गया था। बता दें कि ए.वो. हयुम ने 1885 में भारतीय कांग्रेस पार्टी बनाई थी। वह कस्टम कमिश्नर वर्ष 1867 से 1870 तक रहे तथा उस अवधि में उन्होंने राजपुताना शासकों से नमक टैक्स बारे एक समझौता भी किया था। अन्ततः उस शोषणयुक्त मार्ग व कंटीली बाड़ तथा विभाग को वर्ष 1879 से अंग्रेजों ने स्वतः ही बन्द कर दिया।

उस ऐतिहासिक मार्ग पर अंग्रेजों ने बंगले भी बना डाले थे जिनके अवशेष महम, बेरी व बादली में देखे गए। इस प्रकार चीन की दीवार की तरह उस कांटेदार मार्ग की लम्बाई अद्वितिय होने के कारण एक अंग्रेज राय मोक्सहम ने इस बारे रोचक पुस्तक ही लिख डाली है, जिससे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

---

# सांस्कृतिक क्षेत्र में कला का अहम योगदान : चेतना सारसर

कलाकार | **ओ.पी. पाल**

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज को सजग करने की दिशा में साहित्यकारों, लेखकों, लोक कलाकारों और गीतकारों जैसी शख्सियतों ने जिस रूप में अपना अहम योगदान दिया है, उससे हरियाणा की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। इसी कड़ी में ग्रामीण परिवेश से निकलकर फिल्म जगत में एक अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाकर हरियाणा की बेटी चेतना सारसर अपनी अभिनय कला के जुनून को अंजाम दे रही है। वह केवल एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि कविताएं और कहानियां तथा फिल्मों की पटकथा लिखकर समाज को सकारात्मक संदेश भी दे रही हैं। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर ने कुछ ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें कला का सकारात्मक पक्ष सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे सकता है और इसी सोच, लगन और मेहनत के बल पर हर इंसान के लिए अपने लक्ष्य को हासिल करना भी संभव है।





हरियाणा की प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर का जन्म 25 अक्टूबर 1999 को झज्जर जिले के तलाव गांव में रोहतास और सुमन लता के घर में हुआ। ग्रामीण परिवेश में लड़कियों के लिए परिवारिक माहौल अलग ही होता है, इनके पिता दुकानदार हैं, जो सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। परिवार में आर्थिक तंगी के कारण चेतना के माता-पिता खुद ज्यादा पढ़ाई नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी चेतना को पढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। चेतना की प्रारंभिक शिक्षा झज्जर के एक सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने छठी कक्षा से ही खेलों खासकर ताइक्वांडो में रुचि लेना शुरू किया और बाद में वह राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी बनकर उभरी। उस समय वह अपने करियर में पुलिस अधिकारी या कोच बनने का सपना देखती थी।

उन्होंने झज्जर के ही सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। बकौल चेतना, सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों यानी अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए कुछ कलाकार गांव में आकर नुक्कड़ नाटक करते थे, तो उनकी एक्टिंग को देखकर उसने भी अभिनय के क्षेत्र में जाने का सपना संजोया। गांव में नाटक मंडलियों के कार्यक्रमों से उनकी अभिनय जैसी कला के प्रति अभिरुचि इतनी गहराती गई कि उसने एक अभिनेत्री बनने का लक्ष्य तय करके जो सपना देखा था, वह आज अभिभूत होता दिख रहा है और वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाती जा रही है।

हालांकि उनके परिवार या सगे संबंधियों में दूर तक भी कोई कला या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। चेतना ने स्नातक की शिक्षा के बाद जब एक्टिंग का कोर्स करने के लिए एक्टिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लेने की इच्छा जताई, तो उनके माता-पिता ने उसका हौसला बढ़ाया। परिवार से मिले प्रोत्साहन के बाद उसने साल 2017 में रोहतक स्थित पंडित लखमी चंद सुपवा में प्रवेश ले लिया। उसे स्कूली समय से ही टीवी सीरियल्स देखना बहुत पसंद रहा और जब भी वह कोई अच्छा सीन देखतीं, तो बाद में आईने के सामने खड़े होकर उसी किरदार निभाने की कोशिश करती रही।

सुपवा में उनके अभिनय करियर की शुरुआत हुई। हालांकि उनका कहना है कि उसने एक्टिंग कोर्स के लिए सुपवा में प्रवेश लिया था, लेकिन कुछ कारणों से उन्हें कोर्स बदलकर एडिटिंग में प्रवेश लेना पड़ा। लेकिन उन्होंने मन में ठान लिया था कि वह अभिनय की कला को कतई नहीं छोड़ेंगी। खास बात ये भी है कि चेतना स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स में लगातार अभिनय करती रहीं, जिससे उन्हें इंडस्ट्री में बाहरी प्रोजेक्ट्स में भी काम करने के मौके मिलने लगे। चेतना का कहना है कि वह अब पूरी तरह अपने अभिनय करियर पर फोकस कर रही है

### यहां से मिली मंजिल

अभिनेत्री चेतना सारसर ने सुपवा में प्रवेश के दौरान ही फिल्म स्कूल के स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स, शॉर्ट फिल्मों और गानों में काम करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उसने अपने अभिनय कौशल को निखारा। उसे हरियाणा के चर्चित मिर्चपुर कांड पर आधारित राजेश अमरलाल बब्बर निर्देशित वेब सीरीज 'कांड 2010' में अभिनय करने का मौका मिला, जिसमें उसने दलित युवती रीता का किरदार निभाया। यहीं से चेतना को एक अभिनेत्री के रूप में ऐसी पहचान मिली कि पिछले दिनों मुंबई में आयोजित 5वें बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता मनोज जोशी और सीमा पाहवा के हाथों बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। चेतना ने मेवात वेब सीरीज के कई एपिसोड में अभिनय करके अपनी कला का लोहा मनवाया है। उन्होंने वेबसीरीज अखाडा, क्राइम पेट्रोल में भी प्रमुख किरदार निभाया है।

## खबर संक्षेप



सोनीपत। सेक्टर 15 में पहुंचीं इनेलो नेता सुनैना चौटाला पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश में है पूरी तरह से जंगल राज : सुनैना

**सोनीपत।** जननायक चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर सोनीपत के इनेलो कार्यकर्ताओं ने ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिले भर में इनेलो द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बस स्टैंड स्थित स्वर्गीय जननायक ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में इनेलो की वरिष्ठ नेता सुनैना चौटाला ने पहुंचकर ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं सेक्टर 15 में आयोजित कार्यक्रम में सुनैना चौटाला ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। सुनैना चौटाला ने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह से जंगलराज कायम हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि जननायक चौधरी देवी लाल उन राजनेताओं में से एक थे जिन्होंने देश की स्वतंत्रता संग्राम में भी भाग लिया। हरियाणा का निर्माण भी उन्हीं के प्रयासों से हुआ था। इस मौके पर प्रदेश सचिव कृष्ण मलिक, अशोक राणा, अजीत तुषीर, विकास मलिक, राजेश पलड़ी, सर्वधर्म सरोहा, मनीष जैन, आशीष सुहाग, नितिन तनेजा, यशपाल, सुरेन्द्र दहिया, धर्मराज कौच, रोहताश आंतिल, सुरेश मलिक, गोपाल जाजी, फुलकुवार चौहान, महीपाल लाठ, संजय धानक, अमित मलिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निपटारा योजना का लाभ लें व्यापारी

**पानीपत।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) गौरव चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 23 मार्च को ओटीएस (एकमुश्त निपटान योजना)का शुभारंभ किया गया है, यह वैट के बकाया कर पर ब्याज व जुर्माना माफी की योजना है। इस योजना के अन्तर्गत वें कारोबारी जिनका बकाया 1 लाख से कम है, उस पर पूरी छूट, 1 लाख से 10 लाख तक, कर पर 60 प्रतिशत व ब्याज व जुर्माना 100 प्रतिशत माफ, 10 लाख से 10 करोड़ तक, कर पर 50 प्रतिशत व ब्याज व जुर्माना 100 प्रतिशत माफ तथा 10 करोड से उपर ब्याज व जुर्माना 100 प्रतिशत माफ होगा।

### मेधावी छात्रों को लाभ मिलेगा

**पानीपत।** विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत दस्तावेजों मे त्रुटि सुधार के लिए अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ाई गई है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। इन आवेदनों की जांच के दौरान दस्तावेजों से संबंधित त्रुटियां पाई गई थीं।

नुवोको डूरागार्ड सीमेंट की तरफ से आयोजित कराई गई प्रतियोगिता

# जिलास्तरीय कुश्ती स्पर्धा: 125 किग्रा भार वर्ग में अनिरुद्ध ने मारी बाजी

- सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन अब प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

बरोना मार्ग स्थित एक अखाड़े में सबसे खास पहलवान जिला स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप प्रतियोगिता हुई। जोकि नुवोको डूरागार्ड सीमेंट की तरफ से आयोजित कराई गई। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक पवन खरखौदा और हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव डॉक्टर राकेश रहे।



खरखौदा। पहलवानों के हाथ मिलवाते हुए विधायक पवन खरखौदा।

### लड़कियों के मुकाबले में ये रहे विजेता

लड़कियों की 53 किलोग्राम भार वर्ग में छिछड़ाना की हन्नी ने पहले स्थान, राठधाना की दीपिका दूसरे और खांडा की ईशा व सिसाना की दिवानशी तीसरे स्थान पर रही। 62 किलोग्राम में जानवी पहले, मनजीत दूसरे और तमन्ना तीसरे स्थान पर रही। 76 किलोग्राम में काजल ने पहला, नीरज ने दूसरा और सारिका व तमन्ना ने तीसरा स्थान पाया।

### ये रहे खास पहलवान

लड़कों की 61 किलोग्राम भार वर्ग में पहलवान सुमित प्रथम, दीपांशु दूसरे और मोई हुड्डा गांव के सागर व ककरोई के राहुल तीसरे स्थान पर रहे। 74 किलोग्राम में बनवासा के जयदीप पहले, जागसी के राहुल दूसरे और भैंसवाल के काशा व गंगेश्वर के अनुज तीसरे स्थान पर रहे। 125 किलोग्राम में पुरखास के अनिरुद्ध पहले, धनाना के जोगिंद्र दूसरे और रिढ़ाऊ के सचिन व बुटाना के हर्ष तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों का चयन अब प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हो गया है। यह प्रतियोगिता तालकटोरा स्टेडियम, दिल्ली में होगी। इसकी जानकारी सोनीपत कुश्ती प्रतियोगिता के डायरेक्टर सोमबीर आर्य ने दी। इस कुश्ती समारोह में विभिन्न अखाड़ों के खलीफा, सोनीपत में गोहाना भाजपा संगठन जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, दीपक सेठी, ज्ञानेश कालिया, एयरोब्रत बर्मन, बिजेंदर मलिक, खरखौदा ब्लॉक समिति के पूर्व अध्यक्ष राजबीर दहिया व अध्यक्ष सत्येंद्र उर्फ सत्ते रोहट आदि उपस्थित रहे।



गोहाना। हवन में आहुतियां डालते हुए भाजपा नेता और कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## भगवान राम हम सब के आराध्य : बिजेंद्र मलिक

- भाजपा ने गोहाना में अपना जिला कार्यालय का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा द्वारा रामनवमी के दिन रविवार को गोहाना में सोनीपत रोड पर मिनी सचिवालय के पास अपने गोहाना जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन हवन के साथ किया गया। भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापन हुई थी। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में केंद्र एवं हरियाणा में सुशासन दे रही है। गोहाना में रामनवमी के शुभ दिन पर पार्टी कार्यालय उद्घाटन किया गया है। भगवान राम हम सबके आराध्य हैं। उनके जीवन से हमें धर्म, सत्य, प्रेम, कर्तव्य और धैर्य जैसी महत्वपूर्ण शिक्षा मिलती है। हम राम के जीवन के आदर्शों को जीवन में अपनाकर उत्कृष्ट समाज व राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। समारोह में विधायक पवन खरखौदा, प्रदीप सांगवान, रामफल चिड़ाना, डॉ. धर्मवीर नांदल, राजू विरमानी, परमवीर सैनी, बलराम कौशिक, ओमप्रकाश शर्मा, नरेंद्र गहलावत, भलेराम नरवाल, वजीर नरवाल, भूपेंद्र मुदगिल, ओमवीर वत्स, डॉ. राममेहर राठी, प्रवीण कश्यप, सुमित कक्कड़, जगबीर जैन, जस्सी खुराना व नरेश पाराशर मौजूद रहे।

## राम का जीवन समस्त समाज के लिए आदर्श

- शहर के विभिन्न हिस्सों में निकाली गई रामनवमी शोभा यात्राओं और मां भगवती के जागरण में पहुंचे विधायक निखिल मदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें विधायक निखिल मदान का स्वागत करते हुए।

राम नवमी के पावन पर्व पर बुधवार को विधायक निखिल मदान ने शहर के विभिन्न हिस्सों में निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और सभी भक्तों को रामनवमी के पर्व की शुभकामनाएं दी और प्रभु श्री राम का आशीर्वाद लिया। विधायक निखिल मदान ने श्री राम मंदिर अग्रवाल सेवा समिति, गुड़ मंडी, श्री रघुबीर हनुमंत सेना, मॉडल टाऊन द्वारा निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और सभी शहरवासियों को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी।

यह शोभायात्रा राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला प्रांगण से शुरू होकर गुड़ मंडी, काठ मंडी, मिशन रोड, रोहतक रोड से होते हुए वापस अग्रवाल धर्मशाला पहुंच कर संपन्न हुई। साथ ही मर्यादा पुरूषोतम राम मंदिर, जीवन विहार मुरथल रोड, राम मंदिर जीवन नगर, रेलवे रोड, बस स्टैंड के नजदीक मुखी अस्पताल में आयोजित भंडारों में भी हिस्सा लिया। विधायक निखिल मदान ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर समाज मे व्याप्त बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथि विधायक निखिल मदान को स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित भी किया गया। इससे पूर्व विधायक निखिल मदान ने चार मरला हनुमान मंदिर में बाल महावीर दल द्वारा निकाली गयी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और मंदिर प्रांगण में मौजूद श्रद्धालुओं को राम नवमी की शुभकामनाएं दी। गत रात्रि मिशन चौक पर मां भवानी मित्र मंडल द्वारा आयोजित तीसरे विशाल जागरण में बतौर मुख्यातिथि ज्योति प्रज्ज्वलित की, साथ ही विधायक निखिल मदान ने वसुंधरा गार्डन में समाज सेवा समिति द्वारा सर्वजातीय कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंचकर जोड़ों को शुभकामनाएं दी। विधायक निखिल मदान ने भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय सेक्टर 8 और अपने निजी निवास बहालगढ़ रोड पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वजारोहण किया। इस दौरान अरुण बंसल, शशि नासा, जितेंद्र कामरा, भारत सिंह दुआ, मुकेश जैन, नरेंद्र भूटानी, प्रवीन वर्मा, कुलदीप वत्स, शुभम शर्मा, अर्पित, साहिल, सुमित बत्रा, सागर चोपड़ा, दिनेश गांधी, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### संतानों को सुसंस्कारित करना माता-पिता का कर्तव्य



आर्य समाज मालवीय नगर में आर्य वीरांगनाओं के साथ आर्य समाज के पदाधिकारी एवं अन्य।

**सोनीपत।** आर्य समाज मालवीय नगर का वार्षिक उत्सव रविवार को मनाया गया। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ के माध्यम से इसका आरंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुरुकुल झज्जर से आचार्य विजयपाल आर्य ने वर्ण आश्रम व्यवस्था के विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जीवन को सुखपूर्वक जीने के लिए सभी प्रकार के आश्रमों की अनिवार्यता पर बल दिया। गृहस्थ जीवन में संतानों को सुसंस्कारित करना माता-पिता का अनिवार्य कर्तव्य बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतबीर सिंह दहिया (ओएसडी सांसद सतपाल ब्रह्मचारी) ने सभी उपस्थित लोगों को रामनवमी पर्व की शुभकामना दी एवं उनके जीवन के अनुकरण का संदेश दिया। मुख्य वक्ता संदीप आर्य दर्शनाचार्य ने महर्षि दयानंद के बताए उपदेशों के अनुकरण की बात की। जीवन में साधनों के विकास के साथ-साथ विद्या की वृद्धि पर भी ध्यान केन्द्रित करने को कहा। समाज के प्रधान डॉ. नारायण सिंह दहिया ने वार्षिक उत्सव के इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथिगणों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मास्टर रामपाल, अजीत सिंह, ओम प्रकाश आर्य, अर्जुन देव डुरेजा, धर्मपाल मलिक, हरिचन्द स्नेही उपस्थित रहे। मंच संचालन संदीप श्रेयार्थी ने किया।

### विधि विधान से संपन्न करवाया सामूहिक विवाह

**सोनीपत।** श्री राम शरणम् आश्रम, सेक्टर-15, सोनीपत में जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आश्रम प्रमुख नवरत्न चोपड़ा ने बताया कि यह सेवा कार्य विगत 28 वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 125 जोड़ों का विवाह करवाया जा चुका है। आज प्रातः आश्रम में गत आठ दिनों से चल रहे रामायण महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात, बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत दोनों परिवारों की 'मिलनी' करवाई गई। विवाह कार्यक्रम प्रेम बत्रा की देखरेख में पंडितों द्वारा पूर्ण धार्मिक विधि-विधान से संपन्न करवाया गया। इस पावन अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने हेतु पूर्व मंत्री कविता जैन, कांग्रेस नेता कमल दीवान, पार्षद बबीता कौशिक, विधायक निखिल मदान की धर्मपत्नी, राकेश कालरा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विवाह समारोह के उपरांत सभी अतिथियों हेतु जलपान व प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई। नवविवाहित जोड़ों को उनके गृहस्थ जीवन की शुरुआत हेतु घरेलू उपयोगी सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की गई। आश्रम प्रवक्ता केएल पुनैनी ने जानकारी दी कि आश्रम द्वारा धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक एवं सेवा कार्य भी नियमित रूप से किए जाते हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में जतिंद्र रेलन, कृष्ण लूथरा, रमन कालरा, प्रेम बत्रा, रमेश कपूर, ऋषि चोपड़ा, प्रदीप गुप्ता, पुनीत गुप्ता एवं अश्वनी टुटेजा सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



नवविवाहितों को आशीर्वाद देते हुए पूर्व मंत्री कविता जैन साथ में आश्रम प्रमुख नवरत्न चोपड़ा एवं अन्य।

### श्रीराम के गुणों को धारण करके जन-जन तक पहुंचाएं

**सोनीपत।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने राम नवमी के अवसर पर दो दर्जन से ज्यादा हवन यज्ञ, भंडारे, शोभा यात्राओं एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लेकर बधाई दी और कहा कि भगवान श्री राम के आचरण एवं चरित्र की तुलना करके मानव का कल्याण तथा प्रगति संभव है। कुम्हार धर्मशाला, जटवाड़ा, सरकारी स्कूल धानकान बस्ती, राम मंदिर जीवन नगर, शिव मंदिर तारा नगर, मॉडल टाउन, मशद मोहल्ला, हनुमान मंदिर कोर्ट रोड, गीतांजलि गार्डन, वसुंधरा गार्डन, राम शरणम, जीवन विहार, गुरूजी धाम बहालगढ़ में आयोजित कार्यकमों में कविता जैन ने कहा कि सभी त्यौहार अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देते हैं, इसलिए मनुष्य को मानव जीवन सार्थक करने के लिए हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। राजीव जैन ने कहा कि केवल भगवान श्री राम की पूजा से काम नहीं चलेगा बल्कि उनके गुणों को धारण करके जन-जन तक पंहुचायें। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण से साबित हो गया है कि राम सबके हैं और सब राम के है, इसी कारण सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में लहरा रही है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हमें महर्षि बाल्मीकि को भी याद करना चाहिए जिन्होंने रामायण की रचना करके सदियों बाद भी भगवान राम को आराध्य बना रखा है।



कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन का स्वागत करते हुए।

## परिवार सहित घर पर फहराया भाजपा का झंडा

- पूर्व जिलाध्यक्ष ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय जनता पार्टी के 46वीं स्थापना दिवस पर पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा ने अपने घर पर परिवार के साथ भारतीय जनता पार्टी का झंडा फहराया।

अपने आवास पर पार्टी झंडा फहराते हुए भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जसवीर दोदवा ने विश्व के सबसे बडे लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस अवसर पर संगठन की मजबूत नींव के आधार कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव, सामाजिक ताने-बाने को सशक्त बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वर्ष 1984 में भाजपा 2 सीटों के साथ देश की सबसे बडी पंचायत में पहुंची थी और आज सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व के साथ भाजपा विश्व में भारत को गौरवान्वित कर रही है। भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान में जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व तक संगठन ने जो विस्तार प्राप्त किया है, वह देश की जनता की निरंतर उम्मीदों पर खरा उतरने के फलस्वरूप संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के बलिदान, संघर्ष की बदौलत भाजपा आज देश को अंदरूनी और बाहरी मोर्चे पर मजबूत बनाने में कामयाब रही है।



सोनीपत। भाजपा का झंडा फहराते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा।

## 113 का जांचा स्वास्थ्य, 14 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए। फोटो : हरिभूमि

सेफ इंडिया फाउंडेशन व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई, महिला व युवा जिला इकाई, श्री श्याम बाला जी सेवा मंडल, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एक्सीलेंस, कृष्णा देवी श्याम मिष्ठान भण्डार द्वारा शम्भूदयाल स्कूल में आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच कैंप का 113 मरीजों ने लाभ लिया। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाई के त्यागी ने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को यह कैंप लगाया जाता है। सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव एडवोकेट अरविन्द मित्तल ने बताया कि डॉ. नीरज गोयल, डॉ. आकाश, डॉ. प्रवेश मुदगिल, डॉ. कैलाश, डॉ. शीतल व अभिमन्यु कुमार द्वारा 113 मरीजों के बीएमडी टेस्ट, शुगर बीपी, ईसीजी व स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. वरुण शर्मा व डॉ. इरफन ने 28 मरीजों के दांतों का चेकअप किया। कैम्प इंचार्ज बलराज वशिष्ठ ने बताया कि डॉ. एसएन गुप्ता व राजेश गुप्ता द्वारा मरीजों को तीन दिन की दवाई मुफ्त में दी गई जो सोनू कालरा द्वारा बांटी गई। अनिपाल लाकड़ा ने सर्वाइकल का ईलाज किया। आज के कैंप हमारा परिवार मातृ शक्ति इकाई सोनीपत की टीम ऊषा शर्मा, रेखा भारद्वाज, गीता अरोड़ा, अंजू दहिया एवं वार्ड नंबर 4 की निगम पार्षद बबीता कौशिक का विशेष सहयोग रहा। मौके पर महिला प्रधान बबीता जिंदल, एडवोकेट कुलदीप, विपुल कुछल, विवेक व मनीष मौजूद रहे।

कार्यक्रम | जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकंडरी विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में अध्यापकों को दिए सुझाव, पाठ योजना संबंधी जानकारी दी

- अध्यापकों से एक्टिविटी भी करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। जैन विद्या मंदिर में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय स्टाफ।

जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकंडरी विद्यालय में शनिवार और रविवार को सीबीएसई द्वारा अध्यापकों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी और आर्ट इंटिग्रेटिड लर्निंग से अवगत करवाने के लिए कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सस डा. निधि कुमारी और नेहा शर्मा के नेतृत्व में अध्यापकों को इस नई शिक्षा नीति से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य से हुआ। संसाधन व्यक्तियों का स्वागत विद्यालय प्रधान राकेश जैन, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों तथा प्राचार्या डा. नीरू ने पुष्प-गुच्छ से किया। कार्यक्रम में अध्यापकों को पाठ्यक्रम में हुए बदलाव की भी जानकारी दी गई। अध्यापकों को पेपर बनाने से संबंधित सुझाव भी दिए गए। अध्यापकों को पाठ-योजना से संबंधित जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को कक्षा में विभिन्न विद्यार्थियों को पढ़ाने के गुर भी बताए गए जिससे अध्यापकों को औसत, औसत से नीचे और औसत से ऊपर स्तर के विद्यार्थियों को एक साथ पढ़ाने में कठिनाई न आए। अध्यापकों को यह भी बताया गया कि वे किस प्रकार से विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें नैतिक मूल्यों की जानकारी भी दे सकते हैं। अध्यापकों को यह भी जानकारी दी गई कि कठिन विषय भी किस प्रकार से विद्यार्थियों के लिए रूचिकर बनाया जा सकता है। अध्यापकों से ऐक्टिविटी भी करवाई गई। जिसे सब अध्यापकों ने आनंदपूर्वक किया। विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों तथा प्राचार्या ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।



### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा ककरोई रोड स्थित दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी के प्रधान सत्यवान भाटिया व जिला बार एसोसएशिन सोनीपत के प्रधान अनिल दुल ने शिविर का उदघाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट कुलभूषण सिंह एंड एसोसिएट ने किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

#### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर एडवोकेट सुभाष पंचाल, एडवोकेट वरुण चावला, अनुज जैन, एडवोकेट निखिल भनवाला, एडवोकेट संदीप गहलावत, एडवोकेट नवीन सभरवाल, मनोज मेहरा, क्लर्क कुलदीप सिहान, परमवीर भाटिया, रवि पिनाना आदि उपस्थित रहे।

### अनौपचारिक बैठक में विकास कार्यों में तेजी लाने का आग्रह



दीपेंद्र सिंह ढेसी के साथ बैठक करते मयेर राजीव जैन एवं अन्य।

**सोनीपत।** नगर निगम महापौर राजीव जैन ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य सलाहकार (शहरी विकास) दीपेंद्र सिंह ढेसी के साथ अनौपचारिक बैठक करके विकास में तेजी लाने का आग्रह करते हुए कहा कि गांव राठधना में 30 एमएलडी क्षमता का नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य जल्द शुरू किया जाये ताकि शहर की सीवरेज समस्या का समाधान हो सके। राई विश्राम गृह में हुई अनौपचारिक बैठक में राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है, इसलिए जुलाई 2024 की बैठक में पास हुए कार्यों को शुरू किया जाये। उन्होंने कहा कि सबसे जयादा जरुरी सोनीपत एवं कुंडली में सीवेरज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण है, क्योंकि गंदे पानी की निकासी विकराल रूप धारण करती जा रही है। बैठक में प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीना हुड्डा, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, मुख्य अभियंता याजेश मोहन मेहरा, अधीक्षण अभियंता जगदीश शर्मा, निगम के कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग उपस्थित रहे। राजीव जैन ने निगम क्षेत्र में आने वाले लेजर वैली पार्क तथा देवीलाल पार्क का पुनर्निर्माण करवाने की मांग रखते हुए देवीलाल पार्क के एक हिस्से को बड़े चिल्ड्रन पार्क के रूप में भी विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सीवरेज की मास्टर लाइन प्राधिकरण को बिछानी हैं, इस पर भी जल्दी काम शुरू हो ताकि नई बसी कालोनियों में सीवरेज की ब्रांच लाइन डाली जा सके।

## खबर संक्षेप


**गोहाना।** भाजपा गोहाना जिलाध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए कार्यकर्ता।

### पार्टी के कुनबे को और अधिक बढ़ाने का संकल्प

**गोहाना।** रविवार को वाल्मीकि आश्रम गोहाना में भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा गोहाना मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने की। संयोजन बूथ के अध्यक्ष राजकुमार उर्फ बबलू वाल्मीकि का रहा। मुख्य अतिथि भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक (मल्ला) रहे। कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 1951 से पार्टी जनसंघ से शुरू होकर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित है। समारोह में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि पार्टी का संगठन उनका एक संयुक्त परिवार है। अपने पार्टी के कुनबे को बढ़ाने के लिए सदा ईमानदारी से काम करेंगे।


**गोहाना।** ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए जजपा नेता और कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### ताऊ देवीलाल को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद

**गोहाना।** जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. ताऊ देवीलाल को उनकी 24वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। उनकी स्मृति में गोहाना और बरोदा हलकों में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किए गए। समारोह में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा को गंगाजल से नहलाया और उसके बाद पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

### हुकटा को सेवा सुरक्षा को लेकर सरकार पर भरोसा

**गोहाना।** हुकटा (हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रेक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन) के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए सेवा सुरक्षा प्रक्रिया शुरू करने को लेकर आभार जताया। हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष विजय मालिक एवं रश्मि शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा के लिए जानकारी मांगने और डेढ़ महीने से घर बैठे हुए आइजीयू रेवाड़ी के 34 छंटनीग्रस्त रिसोर्स पर्सेंस को ज्वाइन करवाने के आदेश जारी करने से अनुबंध असिस्टेंट प्रोफेसर्स को अब उम्मीद ही नहीं पूर्ण भरोसा हो गया है कि सरकार हमें भी स्कूल, पॉलिटेक्निक एवं कॉलेज के तर्ज पर जॉब सिक्योरिटी प्रदान करेगी।

## प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली, जबरदस्ती करने वालों को लिया हिरासत में

# बिना अनुमति प्रदर्शन करने पहुंचे मारुति के पूर्व कर्मचारियों को पुलिस ने खदेड़ा

### खरखौदा में बनी तनाव की स्थिति, परशुराम पार्क में पहुंचें थे पूर्व कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

रविवार को परशुराम पार्क में मारुति कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करने पहुंचे पूर्व कर्मचारियों को पुलिस ने खदेड़ दिया। प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को रोका। जब कुछ लोगों ने जबरदस्ती की कोशिश की, तो उन्हें हिरासत में लिया गया। कुछ देर बाद छोड़ दिया गया। आईएमटी खरखौदा में मारुति का नया प्लांट बन रहा है। यहां इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण होगा। निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगा गया है। इस बीच पूर्व कर्मचारी खुशीराम और दीपक की अगुवाई में एक समिति ने प्रदर्शन का ऐलान किया था। कहा गया था कि रविवार को परशुराम पार्क में एकत्र होकर एसडीएम को ज्ञापन देंगे। लेकिन इसके लिए प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई। मारुति कंपनी ने प्रशासन को शिकायत दी थी। कहा गया कि कुछ पूर्व कर्मचारी कंपनी की छवि खराब करना चाहते हैं। वे प्लांट के बाहर पंपलेट बांटकर वर्करों को भड़का रहे हैं। आसपास की आईटीआई में जाकर भी प्रदर्शन की बात कह रहे हैं। जबकि प्लांट का उद्घाटन भी नहीं हुआ है।


खरखौदा। प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए तैनात भारी पुलिस बल।

#### भारी पुलिस बल किया तैनात

पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रदर्शन की आड़ में प्रदर्शनकारी कोई उपद्रव भी कर सकते हैं। ये कर्मचारी पहले मानेसर प्लांट से निकाले गए थे। वहां भी इन्होंने कंपनी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी। अब खरखौदा में नया प्लांट शुरू हो रहा है, तो ये फिर से सक्रिय हो गए हैं। इस मामले में पुलिस पहले से सतर्क थी। पुलिस प्रशासन की तरफ से भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

#### वर्करों को वापिस भेजती रही पुलिस

एसीपी जीत सिंह और थाना प्रभारी बीर सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल परशुराम पार्क में तैनात किया गया। जो भी प्रदर्शन के लिए आता, उसे पुलिस स्टेशन भेजा जाता। यह सिलसिला कई घंटे चला। फिर भी चार-पांच लोग पहुंचे। पुलिस ने उन्हें समझाया कि बिना अनुमति प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। वे नहीं माने तो हिरासत में लिया गया। कुछ देर बाद छोड़ दिया गया।

#### जरूरत पड़ी तो करेंगे एफआईआर : एसीपी

एसीपी जीत सिंह बेनीवाल ने कहा कि खरखौदा में ना कोई विवाद है, ना कोई मामला। प्लांट का उद्घाटन भी नहीं हुआ है। किसी को कोई समस्या है तो वह गुड़गांव में जाकर शिकायत करे। खरखौदा में बिना मंजूरी प्रदर्शन नहीं होने दिया जाएगा। कानून अपना काम करेगा। यहां नया प्लांट लगा है। आगे और भी उद्योग लगने हैं। बच्चों को रोजगार मिलना है। माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो आरोपियों पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

## कर्मचारियों के खिलाफ अनावश्यक कार्रवाई समाप्त की जाए: सूबेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार को हैफेड कर्मचारी संघ की राज्य स्तरीय बैठक हैफेड कांप्लेक्स गोहाना में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सूबेदार मेजर अजीत नरवाल (सेवानिवृत्त) ने की। बैठक में प्रदेशभर से जिला एवं केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

प्रदेश अध्यक्ष अजीत नरवाल ने कहा कि कर्मचारियों के खिलाफ की गई अनावश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई को समाप्त किया जाए। सवा साल से बोर्ड आफ एडमिनिस्ट्रेटर की मीटिंग नहीं हुई है, जिसके कारण पदोन्नति, लंबित अपीलें एवं अन्य महत्वपूर्ण कर्मचारी हित के मुद्दे अटके हुए हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रदर्शन पुरस्कार में भेदभाव किया जा रहा है। वर्ष 2018 का पुरस्कार वर्ष 2023 और 2019 का पुरस्कार 2025 में दिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित होता है। अन्य विभागों को 40,000 रुपये की सीमा तक लाभ मिला जबकि हैफेड कर्मचारियों को मात्र 25,000 रुपये तक सीमित कर दिया गया ह। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संघ सदैव किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है।

#### बार-बार लगाई गई सीएम से गुहार

इस मुद्दे पर संघ द्वारा बार-बार मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई गई है, परंतु अभी तक समाधान नहीं हुआ है। समान कार्य समान वेतन का लाभ दिया जाए। वर्ष 1999 से लंबित यह मामला अब हाईकोर्ट द्वारा रजिस्ट्रार कोआपरेटिव सोसायटीज हरियाणा को तीन माह में निपटाने के निर्देश सहित भेजा गया है। हैफेड के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए अब तक मेडिकल कैशलेस सुविधा लागू नहीं की गई है। इसका वित्तीय भार फेडरेशन स्वयं वहन करने को तैयार है।

### धूमधाम से मनाई जाएगी महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

**खरखौदा।** शहर के रोहतक मार्ग पर स्थित सैनी चौपाल में रविवार को सैनी सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे लोगों ने निर्णय लिया कि खरखौदा में 11 अप्रैल को धूमधाम से महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई जाएगी। जिसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए भी लोगों की जिम्मेदारी लगाई गई। इस अवसर पर पहली कार्यकारिणी का समय पूरा हो जाने के बाद नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

## विधायक ने किया सीएचसी पुरखास का निरीक्षण, कई कर्मी मिले गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने शनिवार दोपहर बाद पुरखास गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर और ओपीडी रजिस्टर की जांच की। स्वास्थ्य उपकरणों, दवाओं की उपलब्धता और वार्ड की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और उनके क्रियान्वयन की स्थिति को परखा। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल कर्मचारियों और मरीजों से बातचीत की। उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। विधायक के अस्पताल पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई। निरीक्षण में कई स्वास्थ्य कर्मी गैरहाजिर मिले। अस्पताल में पाई गई खामियों को लेकर उन्होंने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान पुरखास गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए ।

## भाजपा ने देश को किया मजबूत : अरविंद शर्मा

- कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना में अपने आवास पर पार्टी का झंडा फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा और मजबूत नेतृत्व की बदौलत भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें मिलकर राष्ट्र विरोधी ताकतों का सामना करते हुए अपने देश और संगठन को सशक्त बनाना है।

मंत्री ने भाजपा के 45वें स्थापना दिवस पर अपने गोहाना के सेक्टर 7 स्तिथ आवास पर पार्टी का झंडा फहराया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा 2 सीटों के साथ देश की सबसे बडी पंचायत में पहुंची थी और आज सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व के साथ भाजपा विश्व में भारत को गौरवान्वित कर रही है। भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान में जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व तक संगठन ने जो विस्तार प्राप्त किया है, वह देश की जनता की निरंतर उम्मीदों पर खरा उतरने के फलस्वरूप संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के बलिदान, संघर्ष की बदौलत भाजपा आज देश को अंदरूनी और बाहरी मोर्चे पर मजबूत बनाने में कामयाब रही है। उन्हें खुशी है कि हम एक ऐसे संगठन के कार्यकर्ता हैं, जहा राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय तथा परिवार तृतीय प्राथमिकता रहता है। इस अवसर पर गोहाना भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल, खानपुर कलां मंडल अध्यक्ष प्रवीण खुराना, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित कक्कड़, हरिमोहन, बबलू वाल्मीकि, कृष्ण शर्मा, संजय, राजू पटवा, कुलदीप कौशिक, रामभगत फौजी रहे।


गोहाना। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास पर भाजपा का झंडा लगाते हुए।


**गन्नौर।** संत गुरु रविदास सेवा समिति प्रधान दयानंद अहलावत तैयारीयो को लेकर जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने को बैठक

**गन्नौर।** संत गुरु रविदास सेवा समिति के तत्वावधान में समाज के सहयोग से संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर नगरपालिका रोड में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा । जयंती महोत्सव की तैयारी को लेकर सेवा समिति के प्रधान दयानंद अहलावत की अध्यक्षता में एक बैठक हुई । बैठक में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया । समिति के प्रधान दयानंद इलाहाबाद ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गन्नौर के विधायक एवं मन्नत ग्रुप आफ होटल के चेयरमेन देवेंद्र कादियान शिरकत करेंगे । समाज के बच्चों द्वारा बाबा साहब के प्रेरणादाई जीवनवृत व महान कार्यों को आगे बढ़ाने पर प्रस्तुती दी जायेगी तथा उन्हें प्रोत्साहन स्वरुप ट्रॉफी भी दी जाएगी। अहलावत ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक कादियान अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति , समाज के गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों के कक्षा 5वीं व उससे उपर के विद्यार्थियों को संत गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा दस कापियां व दस पैन वितरित करेंगे ।

## ताऊ देवीलाल की 24 वीं पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौ देवीलाल की 24 वीं पुण्यतिथि पर सोनीपत के सभी हलकों में प्रातकाल हलका स्तरीय शोकसभा का आयोजित करके उन्हें याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की। सोनीपत शहर में स्थित ताऊ देवीलाल की प्रतिमाओं को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा गंगाजल से नहलाकर पुष्पमाला पहनाई। इन शौक सभाओं का आयोजन पार्टी के हलका अध्यक्षों की अध्यक्षता में किया गया। शौक सभाओं के पश्चात सभी पार्टी कार्यकर्ता पार्टी हाईकमान द्वारा आयोजित दिल्ली के संघर्ष स्थल पर बनी ताऊ देवीलाल की समाधि पर पुष्पांजलि अर्जित के लिए रवाना हुए। इस अवसर जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी ताऊ देवीलाल ऐसे युगपुरुष थे जिनको प्रदेश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देश के लोग सदियों तक याद करेंगे।


**सोनीपत।** ताऊ देवीलाल को नमन करते हुए जजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि


**राई।** विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत, विधायक निखिल मदान स्थापना दिवस पर कार्यालय में पार्टी का ध्वज लहराते हुए । *फोटो : हरिभूमि*

### भाजपा कार्यालय में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**राई।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने भारतमाता को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भाजपा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर भी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पार्टी का ध्वज लहराया। विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पार्टी का स्था पना दिवस मनाते हुए जोरदार नारे लगाये। सबने मिलकर भारतमाता तथा राष्ट्रवादी विचारधारा के संवाहक रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारतीय जनसंघ के संस्थासपक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने संकल्प लिया कि वे संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से प्रयासरत रहेंगे। संगठन की ओर से मिलने वाले हर दायित्व का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ पूर्ण करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### श्रद्धा से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**खरखौदा।** गांव खांडा स्थित प्राचीन निर्मोही अखाड़ा मठ में रविवार को रामनवमी के मौके पर श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में जुटने लगी थी।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे हवन के साथ हुई, जिसमें गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हवन के बाद प्रभु श्रीराम के जन्म के शुभ समय पर आरती की गई और सभी ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। दोपहर 11 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया।


**खरखौंदा।** स्टेशनरी वितरित करते संस्था के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वयंसेवी संस्था ने बच्चों वितरित की स्टेशनरी

खरखौदा। सिंबल ऑफ नॉलेज अंबेडकर एजुकेशनल एंड सोशल रिफॉर्म्स ऑर्गेनाइजेशन सोसाइटी एक प्रयास समानता का ने रविवार को संस्था के जन-जन हो शिक्षा का प्रचार, नहीं रहे कोई अनपढ़ गवार कार्यक्रम के तहत फरमाना, माजरा, लुहारी टीबा में राहगीरी बच्चों - बड़ो को स्टेशनरी वितरित की । स्लोगन का अनावरण डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में तथा संस्था के सम्मानित सहयोगी नवीन अहलावत, मनीष सिंहमार, समुंदर बड़गूजर, बिजेंदर निनानिया, मुकेश भोला, कमल किशोर चालिया ,आजाद सिंह,धर्मवीर गिरोह, रणजीत सिंह आदि की गरिमा में उपस्थिति में लुहारी टीबा की में किया। साक्षर के महत्व को जानो-क - ख -ग को पहचानो, देश का है तभी विकास- पढ़ा लिखा हो समाज। संस्था ने अनपढ़ता उन्मूलन अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम के तहत फरमाना, माजरा, सिलाना व भटगांव में राहगीरी बच्चों - बड़ो शिक्षा की ओर मोटिवेट करने के लिए स्टेशनरी वितरित की।

### भगवान राम हम सब के आराध्य : बिजेंद्र

**गोहाना।** भाजपा द्वारा रामनवमी के दिन रविवार को गोहाना में सोनीपत रोड पर मिनी सचिवालय के पास अपने गोहाना जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन हवन के साथ किया गया।

भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापन हुई थी। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में केंद्र एवं हरियाणा में सुशासन दे रही है। गोहाना में रामनवमी के शुभ दिन पर पार्टी कार्यालय उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हम सबके आराध्य हैं। उनके जीवन से हमें धर्म, सत्य, प्रेम, कर्तव्य और धैर्य जैसी महत्वपूर्ण शिक्षा मिलती है।

## सपने बड़े रखें और पूरा करने के लिए मेहनत करें : दीपक मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-खरखौदा मार्ग स्थित मान इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या मंजू मान ने की। मुख्य वक्ता स्कूल के चेयरमैन दीपक मान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन में सपने हमेशा बड़ें रखें और उनको साकार करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दें। जीवन में सच्चे मन से की गई मेहनत कभी असफल नहीं होती। वे बोले कि सकारात्मक सोच, अनुशासन, मंजिल हासिल करने के लिए मन में दृढ़ संकल्प की भावना और मेहनत करने की आदत ये सभी गुण जीवन में सफलता का आधार हैं।



## भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना करने से होता है पापों का नाश : अंकित मलहोत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

श्याम मंदिर वार्ड न 8 कोट मोहल्ला में श्री राम मस्त मंडल द्वारा रामनवमी पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में माता के भजनों का गुणगान (श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मनमोहक झांकियां श्री राम प्रभु, बाहुबली हनुमान, कलाकार रवि महादेव के भजन आकर्षण का केंद्र बने । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी अंकित मल्होत्रा व वशिष्ठ अतिथि पूर्व पार्षद हरीश मदान ने शिरकत की । अंकित मल्होत्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि राम नवमी का दिन भगवान श्रीराम के जन्म का प्रतीक है, जो त्रेतायुग में अयोध्या के राजा दशरथ और रानी कौशल्या के पुत्र रूप में अवतरित हुए थे। राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है, क्योंकि उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आदर्श स्थापित किया- चाहे वह पुत्रधर्म हो, पातिव्रत्य, राज्य संचालन या भ्रातृ प्रेम। इस दिन को धार्मिक रूप से अत्यंत शुभ माना जाता है। पूर्व पार्षद हरीश मदान ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि जीवन में सुख, शांति और समृद्धि भी आती है। रामनवमी पर श्रीराम का चित्र या मूर्ति उचित दिशा में स्थापित करने से विशेष मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर मनोज अरोड़ा, नवीन झा, भीम यादव, विक्की, अंकित शर्मा, सचिन डूडेजा, कुलदीप शर्मा, सत्यम, सावन आदि मौजूद थे।


गन्नौर। मुख्य अतिथि अंकित मल्होत्रा व वशिष्ठ अतिथि पूर्व पार्षद हरीश मदान पूजा अर्चना करते हुए ।

PARAS INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD. CA
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 DRISHTI
344 MANAN
339 DARSHIL
Batches Start 8th April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716 7015755714